>

Title:Request to government to give a special package to farmers for loss of their potato crops.

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों ओलावृष्टि से मेरे लोक सभा क्षेत्र के देहात की दो विधान सभाओं ऐतमादपुर और जलेसर, जो आलू बेल्ट है, हम 70 परसेंट हिन्दुस्तान का आलू पैदा करते हैं, उसमें बहुत बड़ा नुकसान हुआ है । मुझे वहां जाने का भी मौका मिला था । पैंतखेड़ा, हाजीपुर खेड़ा, सोनगा, गिजौली, धंगरौली, नगला चतुरा, गढ़ी अजीता, बेनई, नांदउ, धौरा, बगलघूसा, गदपुरा, फूलपुर, मादौर, नगलापैठ, पतलपुर, अगलपुर गढ़ी खोड़ा, हेता का नाला, खोड़ा नगला, धौरल, नगला गड़रिया, चूहरपुर, खुशहालपुर, नजरपुर, हाथीगढ़ी, रूपधनु, वांधनू, चौकड़ा, नयाबांस और खास तौर से आंवलखेड़ा, वरहन, समायी, मितावली गांवों में ओलावृष्टि से 70 परसेंट आलू खराब हो गया है । तीन दिन पहले बारिश हुई और फिर तीन दिन बाद ओले पड़े । आलू नीला हो गया और खोदने पर मिट्टी आ रही है । केन्द्र सरकार अलग से कोई सहायता करे, क्योंकि लोगों ने जानकारी के अभाव में फसल बीमा नहीं करवाया है । वहां यह एक ही फसल आलू की होती है । वहां सरकारी नौकरी तो है नहीं कि आंधी-वर्षा-तूफान आए, 1 तारीख को तनख्वाह जरूर मिलेगी । कि सान पूरी तरह से बर्बाद हो गया है । मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि कोई स्पेशल पैकेज देना चाहे तो दे, इससे कि सानों का भला होगा । इसी प्रकार से टून्डला और नारखी विधान सभा में भी लगभग 80 परसेंट आलू बर्बाद हो गया है और जो आलू खोदा जा रहा है, चूंकि उसमें ओलावृष्टि से चोटें आ गयी हैं, उसे कोल्ड स्टोरेज में रखने पर वह सढ़ना शुरू हो जाएगा ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को प्रो. एस.पी. सिंह बघेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।